**दिनांक 08.10.2024 को जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन "हर घर नल से जल योजना" के कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त**

दिनांक 08.10.2024 को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार–गोण्डा में मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ अपरान्ह 04.00 बजे से प्रारम्भ हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, गोण्डा, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ–साथ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा, टीम लीडर, टी.पी.आई. गोण्डा, जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू., गोण्डा व अन्य सम्बन्धित फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई, जनपद गोण्डा तथा फेज–V हेतु के.एल.एस.आर.–रेज(जेवी.) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की गयी की जल जीवन मिशन "हर घर नल से जल योजना" के कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**<u>नलकूप बोरिंग का कार्य</u> :–**

मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विरचित 782 परियोजनाओं में लक्षित 773 नग नलकूपों के सापेक्ष मात्र 703 नग नलकूपों के छिद्रण का कार्य पूर्ण किया गया है। कुल छिद्रित नलकूपों में से 659 नग नलकूपों पर कम्प्रेषर एवं ओ.पी. यूनिट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा मे0 के.एल.एस.आर–रेज द्वारा विरचित 142 नग परियोजनाओं में लक्षित 146 नग नलकूपों के सापेक्ष मात्र 139 नग नलकूपों के छिद्रण का कार्य पूर्ण किया गया है। कुल छिद्रित नलकूपों में से 138 नग नलकूपों पर कम्प्रेषर एवं ओ.पी. यूनिट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

नलकूप बोरिंग के कार्यों की प्रगति संतोषजनक पायी गयी। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि नलकूपों के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

**<u>वितरण प्रणाली का कार्य</u> :–**

मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विरचित 782 नग परियोजनाओं में 11898 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 6819 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य किया गया है तथा मेसर्स के.एल.एस.आर–रेज द्वारा विरचित 142 नग परियोजनाओं में 2667 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1786 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य किया गया है।

वितरण प्रणाली बिछानें के कार्यो में मे0 लारसेन एण्ड टूब्रों की प्रगति काफी धीमी है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियता एवं फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वितरण प्रणाली के लक्ष्य को शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण प्राप्त करना सुनिश्चित करें तथा वितरण प्रणाली बिछाने हेतु काटी गयी सड़कों के पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

**<u>एफ.एच.टी.सी. का कार्य</u> :–**

मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विरचित 782 नग परियोजनाओं में लक्षित 340097 नग एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष मात्र 291367 नग एफ.एच.टी.सी. का कार्य किया गया है तथा मेसर्स के.एल.एस.आर–रेज द्वारा विरचित 142 नग परियोजनाओं में लक्षित 87619 नग एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष मात्र 52906 नग एफ.एच.टी.सी. का कार्य किया गया है।

एफ.एच.टी.सी. के कार्य की प्रगति संतोषजनक पायी गयी है। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि डी.पी.एम.यू./आई.एस.ए./फर्म के प्रतिनिधियों को युद्धस्तर पर लाभार्थियों से आधार कार्ड प्राप्त कर गृहजल संयोजन दिये जाने का कार्य कराये एवं डी.पी.एम.यू. की टीम को भारत सरकार की ई–जलशक्ति के बेवसाइट पर प्रतिदिन दिये गये एफ.एच.टी.सी. के डाटा को फीड कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

– – 2

Scanned with OKEN Scanner

**पम्प हाउस का निर्माण का कार्य :–**

मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विरचित 782 नग परियोजनाओं में लक्षित 773 नग पम्प हाउस के सापेक्ष मात्र 524 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर मात्र 264 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा मेसर्स के.एल.एस.आर–रेज द्वारा विरचित 142 नग परियोजनाओं में लक्षित 146 नग पम्प हाउस के सापेक्ष मात्र 112 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर मात्र 77 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण किया जा चुका है

पम्पहाउस निर्माण में दोनों फर्मों की प्रगति खराब है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता एवं दोनों फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि पम्प हाउस के निर्माण कार्यों में वांछित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

**शिरोपरि जलाशय का निर्माण का कार्य :–**

मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विरचित 782 नग परियोजनाओं में लक्षित 761 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष मात्र 475 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ कर 144 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा मेसर्स के.एल.एस.आर–रेज द्वारा विरचित 142 नग परियोजनाओं में लक्षित 142 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष मात्र 100 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ कर 02 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

**मा0 विधायकगण द्वारा उठाये गये बिन्दु/सुझाव :–**

मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और जो किये गये हैं वे संतोषजनक नहीं है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जिन–जिन ग्राम पंचायतों में सड़कों को खोद/काट कर पाइप लाइन डाली गयी थीं उसे उसी दिन मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पाइप लाइन की हाईड्रोटेस्टिंग एवं हाउस कनेक्शन के कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्थायी मरम्मत कर दिया जाता है। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर दिया गया है अथवा कार्य प्रगति पर है की सूची विधान सभावार मा0 जनप्रतिनिधियों को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मा0 विधायक गौरा द्वारा अवगत कराया गया कि बस्ती खास ग्राम पंचायत में मात्र पाइप लाइन का कार्य किया गया है एवं अन्य कार्य वर्तमान में बन्द है। इसी प्रकार मढ़या बुजुर्ग, करोहा, सीतारामपुर ग्रन्ट इत्यादि में यही स्थिति है। इस सम्बन्ध में उपस्थिति अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है परियोजनाओं के अवशेष समस्त कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

मा0 विधायक कटरा बाजार द्वारा अवगत कराया गया कमालपुर विशुनपुरा पेयजल योजना पर वितरण प्रणाली बिछाने हेतु इण्टरलॉकिंग सड़क को बीच से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिसकी अभी तक मरम्मत नहीं की गयी है। अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है परियोजनाओं के अवशेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करे जिससे आमजनमानस को आवागमन में समस्या न उत्पन्न हों। उक्त के अतिरिक्त मा0 विधायक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि बनगांव पेयजल योजना पर पम्प हाउस का निर्माण कार्य हो रहा है जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है, के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें अन्यथा के स्थिति में फर्म के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

– – 3

Scanned with OKEN Scanner

मा0 विधायक तरबगंज द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व निर्मित रानीपुर ग्राम पंचायत, सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना से जलापूर्ति नहीं हो रही है। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं का निरीक्षण कराते हुए जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

मा0 विधायक गोण्डा सदर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा कुछ जगहों पर सी.सी. रोड के किनारे कच्ची जगह होते हुए भी सी.सी. रोड को तोड़कर पाइप लाइन बिछायी जा रही है। जिससे रोड पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो जाती है। फर्म को निर्देशित किया गया कि सड़क के किनारे उपलब्ध पटरी पर अधिकतम दूरी पर पाइन लाइन बिछाना सुनिश्चित करें जिससे रोड को क्षतिग्रस्त होने के बचाया जा सके।

बैठक में उपस्थिति मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा यह अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी सड़कों के पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्ताविहीन किया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन के कार्यों के साथ–साथ अन्य कायों को भी गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया गया कि योजनाओं की निरन्तर मानिटरिंग करते हुए प्रगति में सुधार लाना सुनिश्चित किया जाये। प्रगति में सुधार परिलक्षित नहीं होने की दशा में फर्म के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

(नेहा शर्मा)
जिलाधिकारी,
गोण्डा।

## कार्यालय जिलाधिकारी, गोण्डा।

**पत्रांकः** 2866 / M-50 /29 **दिनांकः** 18/10/2024

**प्रतिलिपिः**– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोण्डा।
4. मुख्य विकास अधिकारी–गोण्डा।

जिलाधिकारी,
गोण्डा।

Scanned with OKEN Scanner